# कार्यालय--निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/माध्य–द/22492/प्रवेशोत्सव/2019–20/ 18 दिनांक : 14/6/19

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समस्त जिले।

विषय :– प्रवेशोत्सव/बालोत्सव द्वितीय चरण के सम्बन्ध में दिनांक 24.06.2019 से चरणबद्ध तैयारियों के क्रम में।

प्रसंग :– रास्कूशिप/जय/सामु. गति/बाल सभा/2019–20/1879 दिनांक 31.05.2019 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि, ठहराव व जन समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रथम चरण में सत्र के अंतिम कार्यदिवस की भांति सत्र के द्वितीय चरण में भी दिनांक 02.07.2019 को प्रातः (8:00 बजे से 11:00 बजे तक) सार्वजनिक स्थल पर विशेष सामुदायिक बाल सभाओं का आयोजन किया जाना है। इस सम्बन्ध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला अधिकारिता तथा अन्य जिलास्तरीय विभागीय अधिकारियों, स्वयं सेवी संस्थाओं से सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन हेतु संलग्न परिशिष्ट के अनुसार तैयारियॉ किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
2. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रा.शि.), राजस्थान, बीकानेर।
4. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।
6. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
7. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

संलग्नक

# सामुदायिक बालसभा आयोजन से पूर्व किये जाने वाले कार्य

1. आयोजन स्थल का चुनाव सम्बन्धित गांव, ढाणी, मजरा के गणमान्यजनों से विचार–विमर्श कर तय करना – 25 जून तक (संस्था प्रधान द्वारा)
2. जिला स्तरीय स्काऊट गाईड, एनसीसी, सी.ओ. से समन्वय कर इनकी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना– 26 जून तक (मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा)
3. सहयोगी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं के विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों से सम्पर्क व समन्वय स्थापित करना– 27 जून (मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा)
4. विद्यालय की सामुदायिक बाल सभाओं में जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित करना– 27 जून – पीले चावल, निमन्त्रण (संस्था प्रधान द्वारा)
5. समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित कर कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों से सम्पर्क कर कम से कम 10–10 स्वयंसेवी विद्यार्थियों की टीम के साथ शिक्षकों का दल गठन कर 'डोर टू डोर सम्पर्क अभियान' में मदद लेना तथा नित्य प्रगति का रिकार्ड संधारित करने हेतु संस्था प्रधानों को निर्देशित करना (मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी)
6. जिन विद्यालयों में SCOUT/GUIDE/NSS/NCC/SPC संचालित हैं, के संस्था प्रधान इन इकाईयो के इन्चार्ज को निर्देश्ति कर इन स्वयं सेवकों/ कैडट्स को 24 जून से प्रतिदिन विद्यालय में बुलाकर प्रवेशोत्सव/बालोत्सव/ सामुदायिक बाल सभाओं के प्रचार–प्रसार हेतु सहयोग लेना सुनिश्चित करना (संस्था प्रधान)
7. 2 जुलाई, 2019 को चौपाल/ सार्वजनिक स्थल पर आयोजित होने वाली सामुदायिक बालसभा हेतु समस्त संस्था प्रधानो का निर्देशित कर आयोजन स्थल पर लगने वाले फलेक्स/बैनर/पम्पलेट्स **"सामुदायिक बालसभा 02 जुलाई, 2019"** के नाम से बनवाये जावें। (मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी)
8. 27 जून, 2019 को समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक/प्रारम्भिक, प्राचार्य डाइट, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों व पूर्व की भाँति अन्य सहयोगी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों/ विभागाध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित कर विस्तृत कार्ययोजना को अन्तिम रूप देना।
9. 28 जून, 2019 को समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्र के पीईईओ/संस्था प्रधानो के साथ बैठक कर पूर्व तैयारी पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान करना।
10. प्रवेशोत्सव/बालोत्सव के द्वितीय चरण को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु समस्त संस्थाप्रधानों को विद्यालय की शैक्षिक/सहशैक्षिक गतिविधियों के पम्पलेट/बैनर/होर्डिंगस बनवाकर तथा प्रिन्ट मीडिया/सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार करने हेतु निर्देशित करना। (मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी)

## 02 जुलाई को सामुदायिक बालसभा आयोजन के दौरान किये जाने वाले कार्य

1. नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर मौली द्वारा स्वागत करना।
2. विद्यालय स्तर पर कक्षा 8, 10 व 12 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान करना।
3. वृक्षारोपण– सामुदायिक बाल सभाओं में उपस्थित विशिष्ट जनों से पौधारोपण करनवाना।
4. 'स्वच्छता अभियान' पर विशेष चर्चा का आयोजन।
5. राजीव गांधी कैरियर गाईडेन्स पोर्टल के बारे में विशेष वार्ता का आयोजन करना।
6. राजीव गांधी कैरियर गाईडेन्स पोर्टल के राज्य स्तर, जिलास्तर व ब्लॉक स्तर पर प्रकोष्ठ गठन एवं कार्य की जानकारी देना।
7. 09 मई, 2019 को आयोजित 'वृहद सामुदायिक बाल सभा' के दौरान सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों की जानकारी चौपाल पर देना।
8. संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करवाना।
9. मुख्य अतिथि के रूप में जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित करना तथा उन्हें यथोचित सम्मान देना।
10. निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का प्रतिकात्मक वितरण।
11. विभिन्न छात्रवृत्तियों एवं अन्य विभागीय परिलाभों की विस्तृत जानकारी देना सुनिश्चित करना।
12. गत बाल सभाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एक बालक व एक बालिका को सम्मानित करना।

नोट :– जुलाई माह से सत्रपर्यन्त माह में एक बार सामुदायिक बाल सभा का चौपाल पर आयोजन होगा। बाकी दो शनिवारीय बाल सभाओं का आयोजन विद्यालय परिसर में ही अंतिम दो कालांशो में होगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश शिविरा पंचांग की गतिविधियों में सम्मिलित किये गये हैं।